# लल्ला की बांटो रे बधाई | By Rinku Aggarwal

लल्ला की बांटो रे बधाई
अवध में श्री राम आये हैं
राम आये राम आये राम आये हैं
लल्ला की बांटो रे बधाई
अवध में श्री राम आये हैं

राम को सजाया केसर तिलक लगाया
हलवा बना के अपने लल्ला को खिलाया
पलने में खूब झुलाया
अवध में श्री राम आये हैं

लल्ला के स्वागत में धरती भी झूमे
भगतो का मनडा भी अम्बर को चूमे
देवो ने दिवाली मनाई
अवध में श्री राम आये हैं

भगतो ने बरसो से की थी तपस्या
मंदिर बनाएंगे मन में थी इच्छा
मेहनत संतो की रंग लाइ
अवध में श्री राम आये हैं

रघुवर ने अपना दरबार लगाया
राम राज का परचम फहराया
भाग्य सरल का जगाया
अवध में श्री राम आये हैं

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b2%e0%a4%b2%e0%a5%8d%e0%a4%b2%e0%a4%be-%e0%a4%95%e0%a5%80-%e0%a4%ac%e0%a4%be%e0%a4%82%e0%a4%9f%e0%a5%8b-%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%ac%e0%a4%a7%e0%a4%be%e0%a4%88-by-rinku-aggarwal/